सार-समाचार

कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया

हनुमानगढ़, (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर का औचक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने परिसर की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, पार्किंग एवं शौचालयों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि कलेक्ट्रेट में आने वाले आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की नियमित निगरानी तथा आवश्यक सुधार समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर उम्मेदी लाल मीणा, सहायक निदेशक लोक सेवाएं डॉ. दिव्या तथा नगर परिषद आयुक्त सुरेंद्र यादव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

नोहर, (निसं)। नोहर थाना पुलिस ने करीब 35 लाख रुपये कीमत के सोना, चाँदी के आभूषण की बहुचर्चित चोरी की वारदात का सफल खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गए 22 तोला सोने तथा 2 किलो 170 ग्राम चांदी के आभूषण बरामद कर लिए हैं। वारदात का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह रहा कि घटना की मुख्य साजिशकर्ता पीड़िता की अपनी भाभी ही निकली। थानाधिकारी जगदीश पाण्डर ने बताया कि 25 जुलाई 2026 को अध्यापिका सलमा के घर उस समय चोरी की वारदात हुई, जब वह घर पर मौजूद नहीं थीं। इस दौरान एक नकाबपोश व्यक्ति ने दिनदहाड़े मकान में घुसकर 22 तोला सोने एवं 2 किलो 170 ग्राम चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। चोरी गए आभूषणों की अनुमानित कीमत करीब 35 लाख रुपये आंकी गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा पुलिस उपाधीक्षक के निर्देशन में नोहर थाना पुलिस एवं डीएसटी सेक्टर-5 की संयुक्त टीम गठित कर जांच शुरू की गई। तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर तंत्र एवं गहन पड़ताल के आधार पर पुलिस ने मामले का खुलासा कर दिया। जांच में सामने आया कि पीड़िता की भाभी समीम ने अपने परिचित खुदा बख्श, निवासी 4 के.एस.एल, थाना रजियासर, जिला श्रीगंगानगर के साथ मिलकर पूरी वारदात की साजिश रची थी। चोरी के बाद आरोपी शहर से करीब 10 किलोमीटर दूर किंकराली गांव के पास पहुंचे, जहां उन्होंने कपड़े बदले और आभूषणों के खाली पैकेट फैंक दिए। इसके बाद चोरी किए गए सभी आभूषण अपने घर ले जाकर छिपा दिए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गए सभी सोने-चांदी के आभूषण बरामद कर लिए हैं।

आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

पाटन (निसं)। सेठ नन्द किशोर पटवारी राजकीय महाविद्यालय, नीमकाथाना में शुक्रवार को वर्द्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा के क्षेत्रीय केन्द्र जयपुर के तत्वावधान में जुलाई 2026 शैक्षिणक सत्र के लिए प्रवेश आमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया, पाठ्यक्रमों तथा दूरस्थ शिक्षा से जुड़ी विभिन्न सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय केन्द्र जयपुर के सहायक कुल सचिव जी.आर. मीणा ने विद्यार्थियों को दूरस्थ शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है। प्रवेश के लिए ई-मित्र, नेट बैंकिंग एवं डेबिट कार्ड के माध्यम से शुल्क जमा कराया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यार्थी एक साथ दो गैर-प्रायोगिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेकर अपने शैक्षिणक अवसरों का विस्तार कर सकते हैं। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जो विद्यार्थी हार्ड कॉपी के स्थान पर डिजिटल अध्ययन सामग्री का विकल्प चुनेंगे, उन्हें प्रवेश शुल्क में 15 प्रतिशत की विशेष छूट भी प्रदान की जाएगी।

सेल्स टीम के गोवा ट्यूर को हरी झंडी दिखाई

सादुलपुर, (निसं)। भारत ट्रेक्टर कम्पनी सादुलपुर से सुरेन्द्र सिंह मिठडी द्वारा शुक्रवार शाम सवा छह बजे कम्पनी की सेल्स टीम को गोवा ट्यूर के लिए हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर एसकोर्ट कुम्बोटा लिमिटेड फरीदाबास एवं भारत ट्रेक्टर कम्पनी द्वारा वर्ष 2025-26 में सादुलपुर भारत ट्रैक्टर कम्पनी सम्पूर्ण में ट्रेक्टर बिक्री में द्वितीय स्थान पर आने पर यह टयूर सेल्स टीम को उपहार के रूप में दिया गया है। इस अवसर पर गोपाल शर्मा सादुलपुर शहर मण्डल अध्यक्ष, संदीप काजला भाजपा जिला मंत्री सादुलपुर, इन्द्र सिंह सेऊवा, पेप सिंह मानपुरा, वीर सिंह मोडावासी, सुरेन्द्र सिंह ढिगारला, एवं सभी समाज सेवियों ने भारत ट्रेक्टर कम्पनी के 20 डीएसई एवं मैनेजर उम्मेद कुमार पारीक को शुभकानाएं देकर रवाना किया गया।

खेतड़ी में सड़क किनारे बनाई गई सुरक्षा दीवार ढहने से ग्रामीणों में नाराजगी

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी क्षेत्र के नानूवाली बावड़ी गांव में निर्माणाधीन सड़क का कार्य पूरा होने से पहले ही विवादों में घिर गया है। सड़क किनारे बनाई गई सुरक्षा दीवार (रिटेनिंग वॉल) के ढह जाने के बाद ग्रामीणों में भारी नाराजगी है।

ग्रामीणों ने मौके पर विरोध प्रदर्शन करते हुए ठेकेदार एवं संबंधित अधिकारियों पर निर्माण कार्य में लापरवाही और गुणवत्ता संबंधी अनियमितताओं के आरोप लगाए। हालांकि, इन आरोपों पर संबंधित विभाग या ठेकेदार का पक्ष देर शाम तक सामने नहीं आ सका है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य अभी प्रारंभिक चरण में है, लेकिन निर्माण की गुणवत्ता को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। उनका आरोप है कि सड़क के दोनों ओर सुरक्षा और मजबूती के लिए आवश्यक निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा। जहां दीवार बनाई गई, वहां भी कथित रूप से घटिया सामग्री के उपयोग के कारण उसके ढह जाने की स्थिति बनी।

ग्रामीण संजय सैनी ने बताया कि गांव के लोग करीब 20 वर्षों से इस सड़क के निर्माण का इंतजार कर रहे थे। वर्ष 2025-26 की बजट घोषणा में स्वीकृत लगभग 2.50 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण शुरू होने से लोगों को बेहतर सड़क की उम्मीद जगी थी, लेकिन अब दीवार गिरने की घटना ने उन उम्मीदों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उनका कहना है कि यदि निर्माण कार्य की समय रहते तकनीकी जांच नहीं कराई गई तो भविष्य में सड़क की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है और सरकारी धन के दुरूपयोग की आशंका बढ़ सकती है।

ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि सड़क किनारे बनी दीवार में निर्धारित गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग नहीं किया गया। उनका कहना है कि पूर्व में भी बारिश के दौरान दीवार का हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ था और अब दोबारा दीवार ढहने से निर्माण की गुणवत्ता पर संदेह गहरा गया है।

दीवार गिरने से सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों के लिए भी संभावित खतरा पैदा होने की बात ग्रामीणों ने कही है।

खेतड़ी क्षेत्र के नानूवाली बावड़ी गांव में निर्माणाधीन सड़क का कार्य पूरा होने से पहले ही विवादों में घिर गया है। सड़क किनारे बनाई गई सुरक्षा दीवार के ढह जाने के बाद ग्रामीणों में भारी नाराजगी है।

■ ग्रामीणों ने ठेकेदार एवं संबंधित अधिकारियों पर निर्माण कार्य में लापरवाही और गुणवत्ता संबंधी अनियमितताओं के आरोप लगाए

विरोध प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे निर्माण कार्य की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तकनीकी जांच कराने, गुणवत्ता की जांच करवाने तथा यदि किसी स्तर पर अनियमितता पाई जाए तो नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

प्रदर्शन में महावीर प्रसाद, संजय सैनी, सुनील कुमार, जसवंत, भावेश, नरोत्तम, दीपू, कृष्ण कुमार, किशन, आशीष कुमार, मोतीलाल, गुलशन, अजय, आशीष, मंगलचंद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

रतनगढ़, (निसं)। आरयूआईडीपी रतनगढ़ की ओर से वार्ड-20 स्थित सेठ बैजनाथ भरतिया उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जन सहभागिता इकाई के प्रवीण सिंह राठौड़ ने विद्यार्थियों को व्यक्तिगत एवं घरेलू स्वच्छता, गीले-सूखे कचरे के पृथक्करण, पौष्टिक भोजन अपनाने तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है, जिससे पढ़ाई में भी बेहतर एकाग्रता रहती है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य नीतू सिंह शेखावत, शिक्षक चंद्रशेखर शर्मा, प्रदीप स्वामी, अंतिम दुबे, सम्पत्ति सिहाग उपस्थित रहे।

इस्तेहार हर आम व खास

न्यायालय अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश, झुन्झुनू
पीठासन अधिकारी पूजा मीणा, सिविल न्यायाधीश (संवर्ग) झुन्झुनू

सिविल विधिक प्रकरण (दावा) संख्या .../2026
सीताराम पुत्र श्री पदमाराम, उम्र 74 वर्ष, निवासी ग्राम पातुसर, तहसील बिसाऊ, जिला झुन्झुनूं (राज.)
वादी

बनाम

1. हर आम व खास
2. ग्राम पंचायत ढीलसर, तहसील बिसाऊ, जिला झुन्झुनू (राज.) जरिये सरपंच / प्रशासक
3. जन्म मृत्यु पंजीयन अधिकारी (ग्राम विकास अधिकारी), ग्राम पंचायत ढीलसर, तहसील बिसाऊ, जिला झुन्झुनू (राज.)

दावा बाबत घोषणार्थ व घोषित किये जाने मृतक राधेश्याम

प्रेषित- हर आम व खास वगैरह

आवेदक- सीताराम पुत्र श्री पदमाराम ने हर आम व खास वगैरह के विरूद्ध दावा बाबत घोषणार्थ व घोषित किये जाने मृतक राधेश्याम हेतु इस न्यायालय में संस्थित किया है। अतः हर आम व खास वगैरह को सूचित किया जाता है कि इस संबंध में किसी भी व्यक्ति कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में तारीख 17.09.2026 को दिन के 10:00 ए.एम. बजे आवेदन पत्र का उत्तर देने के लिए स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो आवेदन पत्र से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके।

हर आम व खास वगैरह को सूचित किया जाता है कि आप उपर बताई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो आवेदन पत्र की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज तारीख 21 माह 07 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मोहर

न्यायालय के आदेश से
अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट झुंझुनूं, जिला-झुंझुनूं (राज.)

चूरू विधायक सहारण के लापता होने के पोस्टर लगाए जाने की निंदा की

सादुलपुर, (निसं)। चूरू विधायक हरलाल सहारण के लापता होने के पोस्टर चिपकाने को लेकर शुक्रवार को सादुलपुर विधानसभा में भाजपा कार्यालय में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई।

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भाजपा जिला मंत्री संदीप काजला ने कहा कि हरलाल साहरण ने पिछले अढाई साल के दौरान चूरू के विकास के लिए जन कल्याण के लिए अनेक योजनाओं का क्रियान्वय किया है, जिसमें चूरू शहर में 750 करोड रुपए रिंग रोड के लिए बजट में पास करवाये, खासौली में 8 करोड रुपए की लागत से बन रही एग्रीकल्चर कॉलेज, खासौली, सिरसला एवं ओम कॉलोनी के अंडर ब्रिज पास करवाए हैं, चूरू शहर में एलिवेटेड रोड पास करवाया, सातडां में 132 केवी का जीएसएस, अनेक उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने से लेकर कई सारे विद्यालयों में विज्ञान व कृषि संकाय खुलवाने का काम चूरू विधायक ने किया है। जिसमें चूरू शहर के चहुमुंखी विकास के लिए बहुत सारे कार्य करवाए जा रहे हैं। जिस प्रकार से चूरू का विकास वे करवा रहे हैं, कुछ तथाकथित लोगों को हजम नहीं हो रहा है ऐसे तथाकथित लोग जो मानसिक दिवालियापन के लोग ही इस तरीके के पोस्टर चिपकाने का कृत्य करते हैं जो की बहुत निंदनीय है।

उन्होंने कहा ऐसे पोस्टर चिपकाने वाले लोग चूरू की प्रगति एवं विकास उनको पच नहीं रहा है तब ऐसा कार्य करते हैं। और ये तथाकथित लोग मानसिक रूप से बीमार एवं प्रताड़ित है। हरलाल सहारण लापता के जो पोस्टर चिपकाए हैं वे राजनीतिक रूप से दुःखी लोगों का काम है जो की बहुत गलत है। भारतीय जनता पार्टी सादुलपुर विधानसभा प्रभारी सुरेंद्र सिंह मीठडी ने इसकी घोर निंदा की और उन्होंने कहा कि जनता में विधायक हरलाल सहारण की लोकप्रियता बढ़ रही है तथा जनता में उनका विश्वास बढ़ रहा है, इससे दुःखी होकर कांग्रेस के तथाकथित लोगों का यह कृत्य हैं, जो तथाकथित गली के असामाजिक तत्वों ने किया है।

इस मौके पर सादुलपुर शहर मंडल अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में अनेकों अनेक योजनाएं हैं जो गरीब कल्याण के काम किया जा रहे हैं। विपक्ष इससे दुःखी होकर उन योजनाओं को पचा नहीं पा रहा है, इस तरीके के काम कर रहे हैं। इसके अलावा जिला मंत्री संदीप काजला ने कहा यमुना का पानी शेखावाटी में और खासकर सादुलपुर के हांसियावास में सर्वप्रथम पहुंचेगा। जिसके लिए काजला ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड, भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री राजस्थान एवं हरलाल सहारण का आभार भी व्यक्त करते हुए बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के कई कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अस्पताल में बारिश का पानी बना आफत, विधायक गोदारा जायजा लेने पहुंचे

राजलदेसर (निसं)। राजकीय चिकित्सालय राजलदेसर में गुरुवार को हुई मूसलाधार बारिश के बाद हुए जलभराव और नुकसान का जायजा लेने शुक्रवार दोपहर रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा अस्पताल पहुंचे।

विधायक ने पूरे चिकित्सा परिसर का निरीक्षण किया और अस्पताल की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर चिकित्सा स्टाफ से जानकारी ली। बारिश के बाद अस्पताल परिसर में पानी भरने से मरीजों, चिकित्साकर्मियों और अस्पताल की व्यवस्थाओं पर पड़े असर को देखते हुए विधायक ने मौके पर ही नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सीताराम मीणा और सहायक अभियंता विकास मीणा को बुलाया।

विधायक ने अधिकारियों से कहा कि अस्पताल में स्थायी व्यवस्था होने तक तत्काल वैकल्पिक इंतजाम किए जाएं, ताकि आगामी बारिश में अस्पताल फिर से जलभराव की चपेट में न आए। विधायक ने चिकित्सा परिसर की क्षतिग्रस्त दीवार के स्थायी निर्माण तक बालू-रेत के कट्टे लगाकर सुरक्षा व्यवस्था करने तथा बरसात के दौरान पानी निकासी के लिए स्थायी रूप से पंप सेट लगाने के निर्देश दिए। इस पर अधिशासी अधिकारी सीताराम मीणा ने एक-दो दिन में पंप सेट लगवाने तथा बालू-रेत के कट्टे रखवाने का आश्वासन दिया।वहीं राजा कोठी गैनाणी में जल निकासी के लिए 60 एचपी का पंप सेट लगाने को लेकर भी चर्चा हुई।

अधिशासी अधिकारी ने बताया कि मंगलवार से पहले 60 एचपी का पंप सेट लगा दिया जाएगा। विधायक पूसाराम गोदारा ने कहा कि राजकीय चिकित्सालय का वर्तमान भवन जर्जर हालत में है और बरसात के दौरान यहां पानी भरना अस्पताल की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा भवन के नए निर्माण को लेकर शीघ्र ही मेडिकल रिलीफ सोसायटी की बैठक आयोजित की जाएगी और सर्वसम्मति से प्रस्ताव लेकर राजस्थान सरकार को अवगत कराया जाएगा। गोदारा ने कहा कि वह स्वयं मुख्यमंत्री और चिकित्सा मंत्री को अस्पताल में हुए नुकसान तथा भवन की स्थिति को लेकर पत्र लिखेंगे। उन्होंने कहा कि 20 अगस्त से विधानसभा का सत्र शुरू हो रहा है और वहां भी राजलदेसर के चिकित्सा भवन को नया बनाने की मांग मजबूती से उठाई जाएगी।इसके साथ ही उन्होंने राजकीय चिकित्सालय को उप जिला चिकित्सालय का दर्जा दिलाने तथा अस्पताल में रिक्त पदों को भरने और आवश्यक चिकित्सा स्टाफ बढ़ाने की मांग भी विधानसभा में रखने की बात कही।

आम सूचना

हम 1- अब्दुल वाहीद अब्बासी 2- अयुब 3- कयुम 4- महबुब 5- इकराम पुत्रगण श्री मुमताज अली पता वार्ड संख्या 3 आजम नगर, झुंझुनूं तहसील व जिला झुंझुनूं, राजस्थान, 6- आमीन पुत्र नूर मोहम्मद 7- जाविद पुत्र खुशी मोहम्मद 8- मोहम्मद अहसान पुत्र खुशी मोहम्मद निवासीगण आजम नगर, बन्धे के बालाजी के पास झुंझुनूं जिला झुंझुनूं (राज0) 9- फिरोज पुत्र खुशी मोहम्मद 10- साबिर पुत्र स्व0 मुस्ताक मास्टर 11- जाकीर पुत्र स्व0 मुस्ताक मास्टर 12- बरकती पत्नी स्व0 मुस्ताक मास्टर, 13- रसीदा बेगम पत्नी खुशी मोहम्मद निवासी आजम नगर, बन्धे के बालाजी के पास झुंझुनूं जिला झुंझुनूं राजस्थान के है ।

1. यह कि हम मुख्तयारकर्ता स्वंय के व हमारे परिवारवालो ने एक मुख्तयारनामा आम दिंनाक 04-07- 2025 को स्टाम्प पर व तीन पेपर पर तरूण बंका पुत्र महेश बंका जाति महाजन निवासी वार्ड संख्या 14 मोहल्ला श्रीमालो का झुंझुनूं तहसील व जिला झुंझुनूं राजस्थान के पक्ष में लिखाकर टाईप करवाकर नोटेरी पब्लिक अमृत कुमार झुंझुनूं से तस्दीक करवाया था लेकिन हमारे मुख्तयार तरूण बंका उपरोक्त मुख्तयारनामा में अंकित भूमि बावत कोर्ट में सही ढंग से

हमारे हक में पैरवी नही कर रहे है , यानि आप कोई कार्यवाही नही कर रहे है इस बावत हमें ज्ञात होने पर हमारे अधिवक्ता से न्यायालय में चल रही प्रकिया के बारे में पुछताछ की तब अधिवक्ता महोदय ने कहा कि आप स्वंय इस मामले में पैरवी करोगे तो उचित रहेगा इन बातों पर विचार करते हुए इस नतीजे पर पहुंचे है कि हमारे द्वारा दिया गया मुख्तयारनामा को निरस्त कर हम स्वंय न्यायालय में पैरवी करेगे या अन्य मुख्तयार नियुक्त करे, इसलिये इस नोटिस के जरिये आपको सूचित किया जाता है कि आपको हमने अपने मुख्तयार से हटा दिया है तथा आपको जरिये मुख्तयारनामा आम दिनांक 04-07-2025 को जो अधिकार दिये थे उस अधिकारों को निरस्त समझा जावे । आप तरूण बंका उक्त मुख्तयारनामा के जरिये दिये गये अधिकारो से कोई भी कार्य नही करेगे ना ही दिये गये मुख्तयारनामा से कोई अनुचित फायदा उठायेंगे। ना ही न्यायालय में चाराजोही करेंगे, वैसे हमने मौखिक व व्यक्तिगत रूप से आपके हक में दिये गये मुख्तयारनामा को निरस्त कर दिया है इसकी सूचना आपको दे दी है यदि इसके बावजूद आप हमारे द्वारा दिये गये मुख्तयारनामा के आधार पर कोई कार्यवाही करोगे तो आपके खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करवाया जावेगा। अतः आम सूचना हर खास व आम को सूचित रहें।

सूचना देहिन्दागण

1- अब्दुल वाहीद अब्बासी
2- अयुब
3-कयुम
4- महबुब
5- इकराम पुत्रगण श्री मुमताज अली
निवासीगण वार्ड संख्या 3 आजम नगर, झुंझुनूं तहसील व जिला झुंझुनूं राजस्थान
6- आमीन पुत्र नूर मोहम्मद
7-जाविद पुत्र खुशी मोहम्मद
8- मोहम्मद अहसान पुत्र खुशी मोहम्मद निवासीगण आजम नगर, बन्धे के बालाजी के पास झुंझुनूं जिला झुंझुनूं (राज0)
9-फिरोज पुत्र खुशी मोहम्मद निवासी आजम नगर, बन्धे के बालाजी के पास झुंझुनूं जिला झुंझुनूं राजस्थान
10- साबिर पुत्र स्व0 मुस्ताक मास्टर
11- जाकीर पुत्र स्व0 मुस्ताक मास्टर
12- बरकती पत्नी स्व0 मुस्ताक मास्टर
13- रसीदा बेगम पत्नी खुशी मोहम्मद
निवासीगण समस्त निवासी आजम नगर, बन्धे के बालाजी के पास झुंझुनूं जिला झुंझुनूं राजस्थान

नामांतरण प्रकरण का त्वरित निस्तारण

सीकर, (निसं)। राज्य सरकार द्वारा आयोजित शहरी सेवा शिविर 2026 के माध्यम से नगर पालिका श्रीमाधोपुर द्वारा नागरिकों को विभिन्न नगरीय सेवाएं एक ही स्थान पर सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से उपलब्ध करवाई जा रही हैं। शिविर के माध्यम से आमजन की समस्याओं का समाधान करते हुए उन्हें राहत प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में शशि बाला एवं सुरेश पारीक ने अपनी संपत्ति के नामांतरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। आवश्यक दस्तावेजों एवं प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी के अभाव में उनका नामांतरण प्रकरण पूर्व में लंबित था, जिससे उन्हें संपत्ति से जुड़े प्रशासनिक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। शहरी सेवा शिविर 2026 में नगर पालिका श्रीमाधोपुर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आवेदकों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। दस्तावेजों का सत्यापन कर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उनके नामांतरण प्रकरण का त्वरित निस्तारण किया गया। नामांतरण प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद शशि बाला एवं सुरेश पारीक को संपत्ति का विधिवत अभिलेख प्राप्त हुआ।

चोरी के सामान सहित आरोपी गिरफ्तार

मंड्रेला (निसं)। मंड्रेला थाना पुलिस ने ग्राम जवाहरपुरा स्थित हनुमान मंदिर में रात के समय हुई चोरी की वारदात का महज 48 घंटे में खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी किया गया सामान बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मंदिर से चोरी हुई बिजली की झटका मशीन, टेपरिकार्डर तथा चार्जर बरामद किए हैं।

पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र सिंह राजावत के मार्गदर्शन तथा वृत्ताधिकारी चिड़ावा विकास धिंधवाल के सुपरविजन में थानाधिकारी कैलाशचंद के नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले का खुलासा किया। पुलिस के अनुसार, ग्राम जवाहरपुरा निवासी महावीर सिंह ने 28 जुलाई को मंड्रेला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि गांव के खुडानिया रोड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय के पीछे बने श्री हनुमान मंदिर के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाश मंदिर में रखी आरती की टेप, मंदिर परिसर के कमरे में रखी बिजली की झटका मशीन तथा बिजली की केबल चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी मंदिर के पुजारी कृष्ण ने ग्रामीणों को दी थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने विशेष टीम गठित कर तकनीकी एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से जांच शुरू की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने अंकित कुमार (29) पुत्र होशियार सिंह निवासी नौरंगपुरा, थाना हमीरवास (जिला चूरू) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी की निशानदेही पर चोरी की गई झटका मशीन, टेपरिकार्डर और चार्जर बरामद कर जब्त कर लिए गए। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि उसका अन्य चोरी की वारदातों से कोई संबंध तो नहीं है। कार्रवाई में पुलिस टीम में थानाधिकारी कैलाशचंद, रघुवीर सिंह (सहायक उपनिरीक्षक), विजय कुमार (हेड कांस्टेबल), नरेंद्र (कांस्टेबल), सुनील कुमार (आसूचना अधिकारी) एवं योगेंद्र सिंह की भूमिका सराहनीय रही।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर) जिला हनुमानगढ़

क्रमांक - न0पा0रा0/कृ0भू0/2026/ 863 दिनांक- 30/7/2026

प्रारूप-10
नियम 6 (7) देखिए
लोक सूचना

श्री संदीप मटोरिया पुत्र श्री रायसिंह जाति जाट साकिन 4एल डब्ल्यूडी तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़(राज) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक औद्योगिक प्रयोजनार्थ प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्:- जिला हनुमानगढ़ तहसील रावतसर ग्राम का नाम 06 आरडब्ल्यूएन के ख.नं. 164/421 (5) सेक्टरल जिला नं. 6/2 की 0.1510 है0 में से 0.0236है0, 15 की 0.1020है0, कुल तादादी 0.1256है0 इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 30/07/26 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी
(अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर)

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ(राज)

क्रमांक :- एफ.14/ सामान्य/ न.पा.रा./2026/23751522 दिनांक :- 31/07/2026

आपति आमत्रंण सूचना

सर्वसाधारण को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ सूचित किया जाता है कि श्री बलकरण सिंह पुत्र श्री करनेल सिंह जाति रामगढिया निवासी वार्ड न 28 रावतसर जिला हनुमानगढ़, ने आवेदन कर अपने आवासीय भूखण्ड साईज 83.36 वर्गमीटर (दक्षिण दिशा) का आवासीय से व्यावसायिक भू-उपयोग परिवर्तन करवाना चाहता है। उक्त भूखण्ड का एकीकरण पालिका आदेश राजकाज क्रमाक 23591432 दिनाक 24.07.2026 को साईज 185.90 वर्गमीटर का जारीशुदा है। अतः उक्त भू-उपयोग परिवर्तन करवानें में अगर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो उक्त सूचना प्रकाशन होने की तिथि के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

नाम परिवर्तन

यह कि मेरे पुत्र MOHAMMED FARAN (मोहम्मद फरहान) के स्कूल रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम MOH FARHAN (मो फरान) व उसकी माता का नाम RUKIYA (रूकीया) दर्ज हो गया जबकि मेरे पुत्र के आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार उसका सही नाम MOHAMMED FARAN (मोहम्मद फरान) व उसकी माता का नाम RUKIYA BANO (रूकीया बानो) है । जो सत्य एवं सही है । अब मै मेरे पुत्र के स्कूल रिकॉर्ड में उसका सही नाम MOHAMMED FARAN (मोहम्मद फरान) व उसकी माता का नाम RUKIYA BANO (रूकीया बानो) दर्ज करवाना चाहता हूं। मो. हुसैन पुत्र उसमान निवासी मोहल्ला इलैयां वार्ड नंबर 40 , तहसील व जिला झुंझुनूं (राजस्थान)

उत्कृष्ट कार्यों के लिए जैन का अभिनंदन

चूरू (निसं)। जिला केमिस्ट एसोसिएशन चूरू की ओर से शुक्रवार को एक होटल में राजकीय सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने पर सहायक औषधि नियंत्रक अजीत जैन का भव्य अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मधुसूदन राजपुरोहित ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला औषधि नियंत्रक अधिकारी मनोज गढ़वाल थे।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

संख्या 113 to 115, 117 to 118-26-27

पत्रांक: 580-W/Balance Work/ABSS/HMH-I दिनांक : 28.07.2026

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दिनांक 18.08.2026 को 15.00 बजे तक खुली ई – निविदा आमंत्रित करते है :– **निविदा संख्या** : 113 **कार्य का नाम व स्थान** : सहायक मंडल इंजीनियर, हनुमानगढ़ – प्रथम के अधीन हनुमानगढ़ जं. स्टेशन के शॉफ्ट अपग्रेडेशन के बचे हुए कार्य। **अनुमानित लागत मूल्य** : Rs. 6645722.65 **धरोहर राशि** : Rs. 132900.00 **निविदा संख्या** : 114 **कार्य का नाम व स्थान** : सहायक मंडल इंजीनियर, हनुमानगढ़ – प्रथम के अधीन पीलीबंगा में ट्रेनों के सुरक्षित संचालन के लिए क्रॉस ओवर पी – 101 / 103 को शिफ